सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 03 MARCH TO 09 March 2023 • VOLUME 33 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

प्रेरणा

एक निराशावादी इंसान हर मौके पर सिर्फ कठिनाइयों को ही देखता है, जबकि एक आशावादी इंसान हर कठिनाई में मौके देखता है।।

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

चुनाव जीतने के बाद पीएम बोले- वो कहते हैं मर जा मोदी, लोग कहते हैं मत जा मोदी

त्रिपुरा-नगालैंड में बीजेपी को बहुमत हासिल हुआ जबिक मेघालय में किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं हुआ

नई दिल्ली. पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में गुरुवार को चुनाव के परिणाम सामने आए। त्रिपुरा-नगालैंड में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनना तय है। दोनों ही राज्यों में बहुमत हासिल हो चुका है। मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा है जहां पर किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। वहीं पूर्वोत्तर के राज्यों में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन दिया। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि नार्थ ईस्ट के सभी नागरिकों के सम्मान में आप अपना मोबाइल फोन निकालकर फ्लैश लाइट चालू कर सभी का अभिनंदन करें। पीएम मोदी ने कहा कि ये नार्थ ईस्ट के प्रगति के रास्ते पर जाने का सम्मान है।

पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भाजपा मुख्यालय अनेक ऐसे अवसरों का साक्षी बना है। आज हमारे लिए जनता जर्नादन को विनम्रता से नमन करने का एक और अवसर आया है। मैं त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड की जनता का सिर झुकाकर वंदन करता हूं। उन सब का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तीनों राज्यों के बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी बहुत बधाई देता हूं। इन राज्यों की जनता ने हमारे साथी सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में भाजपा के लिए कार्य करना कठिन नहीं है लेकिन नॉर्थ ईस्ट में हमारे कार्यकर्ताओं ने दोगुनी मेहनत की है, उनके मेहनत की मैं सराहना करता हूं और धन्यवाद करता हूं। आज का परिणाम देश-दुनिया के लिए बहुत सारे संदेश है। ये दिखाते हैं कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर कितनी आस्था है। लोकतंत्र की राह पर चलते हुए हर शंका-आशंका का समाधान हो सकता है। बदलाव लाया जा सकता है। एक समय था जब नार्थ ईस्ट में चुनाव होते थे और नतीजे आते थे तो दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में उतनी चर्चा नहीं होती थी। अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "हमारे कुछ शुभचिंतक भी हैं जिन्हें इससे तकलीफ है कि आखिर भाजपा के जीतने का राज़ क्या है? अभी तक के परिणाम तक मैंने टीवी तो नहीं देखी और यह भी नहीं देखा कि ईवीएम को गाली पड़नी शुरू हुई है या नहीं।" प्रधानमंत्री ने भाजपा की लगातार जीत के लिए उसकी सरकारों के कामकाज और कार्य संस्कृति तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के सेवा संकल्प की 'त्रिवेणी' को श्रेय दिया।

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि कुछ कट्टर लोग मेरी कब्र खोदने की बात करते हैं। मुझे मारने की बात कर रहे हैं, लेकिन आज के चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि देशभर में मोदी का कमल खिल रहा है। पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि 'मर जा मोदी - मर जा मोदी', लेकिन आज देश कह रहा है कि 'मत जा मोदी - मत जा मोदी'।

एयर एशिया के विमान से टकराया पक्षी, भुवनेश्वर में की आपात लैंडिंग

नई दिल्ली. ओडिशा के भुवनेश्वर से पुणे जाने वाली एयर एशिया एयरलाइन की एक फ्लाइट की आपात लैंडिंग कराई गई। विमान को वापस लाकर भुवनेश्वर में उतारा गया। बताया जा रहा है कि टेक ऑफ के बाद विमान से एक पक्षी टकरा गया जिसके बाद विमान को भुवनेश्वर में उतारा गया। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। विमान को भुवनेश्वर में 'बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे' पर उतारा गया। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया है कि विमान को हुए किसी भी प्रकार के संभावित नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, एयर एशिया एयरलाइन की ओर से भी बयान जारी कर घटना की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि पक्षी के टकराने के बाद विमान की विस्तृत जांच के लिए उसे वापस भुवनेश्वर लाया गया। कंपनी ने कहा, "हम यात्रियों की सेवा कर रहे हैं और अन्य निर्धारित फ्लाइट्स पर इस घटना से प्रभाव कम पड़े, इसके लिए कदम उठा रहे हैं।

पंजाब पुलिस की तरफ से समाज विरोधी तत्वों पर बड़ी कार्यवाही

110 से अधिक स्थानों पर छापेमारी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के उद्देश्य से चल रही मुहिम के दौरान पंजाब पुलिस ने आज देश विरोधी और समाज विरोधी तत्वों से जुड़े 110 से अधिक स्थानों पर व्यापक घेराबन्दी करके सर्च आपरेशन किया। डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के आदेशों पर राज्य भर के सभी जिलों में एक ही समय छापेमारी की गई।

इस आपरेशन के बारे और ज्यादा जानकारी देते हुये अतिरिक्त डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (एडीजीपी) लॉ एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि सीपीज़/ ऐसऐसपीज़ को इन छापों की निजी तौर पर निगरानी करने और अपेक्षित संख्या में पुलिस टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए थे जिससे छापेमारी एक ही समय की जा सके। उन्होंने कहा कि हाल ही में गिरफ़्तार किये गैंगस्टरों और आपराधियों से पूछताछ के उपरांत किये खुलासों के बाद छापेमारी की योजना बनायी गई थी।

ज़िक्रयोग्य है कि देश-विरोधी और समाज विरोधी तत्वों के शक्की ठिकानों पर छापेमारी करने के लिए पंजाब पुलिस की 110 पार्टियाँ, जिनमें 1000 से अधिक पुलिस मुलाज़ीम शामल थे, को तैनात किया गया था।

ए. डी. जी. पी अर्पित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीमों ने घरों और अन्य स्थानों पर बारीकी के साथ तलाशी की और मोबाइल फोनों और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों से डाटा भी इकट्ठा किया है, जिसको फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि आगे जांच के लिए कुछ व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया गया है और उनके कब्ज़े में से ऐतराज़योग्य सामग्री बरामद की गई है और उनसे और पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने हथियार लायसैंसों की भी जांच की है और अस्ले की सोर्सिंग के बारे भी पूछताछ की है। इसके इलावा आगे जांच के लिए विदेश आधारित पारिवारिक सदस्यों की यात्रा के विवरण, विदेशों से बैंकों के लेन-देन और वेस्टर्न यूनियन और जायदाद के विवरण इकठ्ठा किये हैं।

ए. डी. जी. पी. ने कहा कि इस कार्यवाही का मकसद समाज विरोधी तत्वों के गठजोड़ को तोड़ना था, जो राज्य की शांति को भंग करने की कोशिशें करते रहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला राष्ट्रपति करेंगे सीईसी की नियुक्ति

नई दिल्ली. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को फैसला दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल होंगे।

जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से अपने फैसले में कहा कि यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक कि संसद इस मुद्दे पर कानून नहीं बना देती। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर लोकसभा में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में शामिल किया जाएगा।

पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी सिस्टम की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार भी शामिल हैं। पीठ ने चुनाव प्रक्रिया में शुद्धता पर जोर दिया और कहा कि लोकतंत्र आंतरिक रूप से लोगों की इच्छा से जुड़ा हुआ है।

रिकार्ड से छेड़छाड़ के दोषों के अंतर्गत सुपरडैंट व सीनियर सहायक के ख़िलाफ़ केस दर्ज, सुपरडैंट गिरफ़्तार

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने सिवल सर्जन दफ़्तर, जालंधर की मौत और जन्म ब्रांच में हलका फिल्लौर के रजिस्टरों के रिकार्ड में तोड़-फोड करने के दोषों के अंतर्गत दोषी निर्मल सिंह सुपरडैंट मौत और जन्म सर्टिफिकेट रिकार्ड ब्रांच, दफ़्तर सिवल सर्जन जालंधर, अब मौत और जन्म ब्रांच दफ़्तर नगर निगम, जालंधर और दोषी हरजिन्दर सिंह सीनियर सहायक, मौत और जन्म सर्टिफिकेट रिकार्ड ब्रांच, दफ़्तर सिवल सर्जन जालंधर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के उपरांत दोषी निर्मल सिंह सुपरडैंट को गिरफ़्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्धी मुकद्दमा नंबर 15 तारीख़ 21-08-2018 को भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7, 13 (2) और आई. पी. सी. की धारा 120-बी के अंतर्गत थाना विजीलैंस ब्यूरो रेंज जालंधर में पहले ही दर्ज किया हुआ है जिसमें उक्त निर्मल सिंह सुपरडैंट और थोमस मसीह (एजेंट) की तफ्तीश के दौरान हलका फिल्लौर के रजिस्टरों को जांचने से पाया गया कि गाँव काला बाहियां के जन्म और मौत के रजिस्टर में लगे हुए पुराने पेज निकाल कर उनकी जगह नयी ऐंट्रियां करके पेज बदल दिए गए। इसके इलावा गाँव वरियाना, गाँव सोहलपुर, गाँव तलवंडी संघेड़ा, गाँव काहलवां, गाँव तलवंडी भरे और गाँव टाहली साहिब के रजिस्टरों में से भी पुराने पेज निकाल कर उनकी जगह गलत ऐंट्रियां डाल कर नये पेज लगा दिए गए और जन्म और मौत के रजिस्टरों में कई ऐंट्रियों की कटिंग की गई है। इस तरह उक्त निर्मल सिंह सुपरडैंट और हरजिन्दर सिंह सीनियर सहायक की तरफ से ग़ैर कानूनी तरीके के साथ गलत ऐंट्रियां डाल कर रजिस्टर में से पुराने पेज निकाल कर उनकी जगह नये लगाने और ऐंट्रियों की कटिंग करके सर्टिफिकेट बनाने के बदले रिश्वत के तौर पर लाखों रुपए लिए जाने के दोष सामने आए हैं।

एसएचओ व गनमैन पर रिश्वतखोरी का केस

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने फ़िरोज़पुर छावनी के एस. एच. ओ. के तौर पर तैनात इंस्पेक्टर नवीन कुमार और पंजाब होम गार्ड (पी. एच. जी.) वालंटीयर जतिन्दर गिल के विरुद्ध 15,000 रुपए रिश्वत मांगने और हासिल करने के लिए भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। इस मामले में एस. एच. ओ. नवीन कुमार को गिरफ़्तार कर लिया गया है और टीमें गठित करके होम गार्ड वालंटियर को गिरफ़्तार कर लिया जायेगा। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त इंस्पेक्टर को फ़िरोज़पुर छावनी के निवासी ललित कुमार के पासी की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि उक्त एसएचओ ने दूसरे पक्ष के खिलाफ़ दर्ज किये पुलिस केस में उसकी मदद करने के बदले 20,000 रुपए रिश्वत के तौर पर माँगे हैं। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की माँग करते हुये उस समय की बातचीत को रिकार्ड कर लिया और दोषी पर मुकदमा दर्ज करवाने के लिए इसको सबूत के तौर पर विजीलैंस ब्यूरो के आगे पेश कर दिया।

142 और आम आदमी क्लीनिक 31 मार्च तक समर्पित किये जाएंगे

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब के लोगों को मानक सेहत सेवाएं मुहैया करवाने के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजूआ ने आज कहा कि 31 मार्च तक 142 और आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किये जाएंगे।

मुख्य सचिव ने इन क्लीनिकों को खोलने का जायज़ा लेने सम्बन्धी की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये कहा कि यह क्लीनिक लोगों को मानक सेहत सहूलतें प्रदान करने में मील पत्थर साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 500 के करीब आम आदमी क्लीनिक सुचारू रूप में काम कर रहे हैं और रोज़मर्रा के लाखों लोग इन क्लीनिकों से लाभ ले रहे हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि 31 मार्च तक ऐसे 142 और क्लीनिक शुरू किये जाएंगे। जंजूआ ने बताया कि यह क्लीनिक राज्य के पाँच बड़े कारपोरेशन शहरों जालंधर, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला और फगवाड़ा में खोले जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए कहा कि इन क्लीनिकों को खोलने में किसी किस्म की कोई कसर बाकी न छोड़ी जाये।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह क्लीनिक मुख्यमंत्री का स्वप्न हैं, इसीलिए राज्य के प्राथमिक प्रोजेक्टों में शुमार हैं।

भगवंत मान ने की अमित शाह के साथ मुलाकात

सरहद पार से नशों और हथियारों की सप्लाई रोकने के लिए नरमदिली के साथ फंड अलॉट करने के लिए केंद्र सरकार का सहयोग माँगा, आरडीएफ के बकाए का मुद्दा उठाया

• जालंधर ब्रीज.नई दिल्ली/ चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सरहद पार से नशों और हथियारों की सप्लाई को रोकने के लिए नरमदिली के साथ फंड अलॉट करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने आज अमित शाह के साथ उनके दफ़्तर में मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को सरहद पार से नशों और हथियारों की सप्लाई के लिए ड्रोन के प्रयोग के बारे अवगत करवाया। इस पर चिंता ज़ाहिर करते हुये उन्होंने कहा कि इसको सख़्ती के साथ रोकने की ज़रूरत है जिसके लिए केंद्र सरकार का सहयोग ज़रूरी है। भगवंत मान ने इस चुनौती को मुँह-तोड़ जवाब देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के दख़ल की माँग की है।

मुख्यमंत्री ने अमित शाह को नयी चुनौतियों का प्रभावी ढंग के साथ मुकाबला करने के लिए राज्य पुलिस फोर्स के आधुनिकीकरण को यकीनी बनाने के लिए खुले दिल से फंड मुहैया करवाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सरहद पार से हो रही घुसपैठ और ड्रोन हमलों को रोकने के लिए पुलिस फोर्स को अत्याधुनिक यंत्र और हथियार मुहैया करवाना समय की मुख्य ज़रूरत है। भगवंत मान ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता को कायम रखने के लिए यह सबसे ज़रूरी है। अमित शाह के साथ 40 मिनट की मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने सरहद पार से आई इस चुनौती का सामना करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के दरमियान बेहतर तालमेल की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के बड़े हित में सरहद पर सुरक्षा को मज़बूत करना समय की ज़रूरत है। भगवंत मान ने कहा कि पाकिस्तान ड्रग माफिया की सरप्रस्ती कर रहा है, जो देश की एकता और अखंडता के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने अमित शाह के साथ पंजाब की तरफ से पकड़े गए गैंगस्टरों के बारे भी विस्तार के साथ बातचीत की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत करवाया कि राज्य सरकार गैंगस्टरों के विरुद्ध कोई नरमी न बरतने की नीति पर चल रही है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब सरकार हर कीमत पर राज्य में अमन-कानून को बरकरार रखने के लिए पाबंद है। मुख्यमंत्री ने कँटीली तार से पार जाने वाले किसानों को पेश मुश्किलों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को पंजाब काडर के अधिकारी को चंडीगढ़ में एस. एस. पी. नियुक्त करने की भी अपील की, जो लंबे समय से लटका हुआ है। भगवंत मान ने ग्रामीण विकास फंड (आर. डी. एफ.) के बकाए तुरंत जारी करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के दख़ल की माँग की। मुख्यमंत्री के साथ डी. जी. पी. गौरव यादव और मुख्यमंत्री के विशेष प्रमुख सचिव रवि भगत भी मौजूद थे।

12 अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

देरी से आने वाले मुलाजिमों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही करते हुये आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग की तरफ से मीटिंग में लेट पहुँचने वाले 12 अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके तीन दिनों के अंदर-अंदर जवाब देने के लिए कहा है। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गए हैं, उनमें ज़िला टाऊन प्लानर (डीटीपी) सुमन गुप्ता, डीटीपी रितिका अरोड़ा और डीटीपी हरप्रीत सिंह, सहायक टाऊन प्लानर (एटीपी) गगन चोपड़ा, एटीपी अमरिन्दरजीत सिंह, प्लैनिंग अफ़सर परमजीत सिंह, प्लैनिंग अफ़सर भुपिन्दर कौर, एडीओ कुलदीप सिंह, निजी सचिव सतीश कुमार, सीनियर सहायक वंदना शर्मा, क्लर्क कवि प्रकाश अमोली, स्टेनो गुरप्रीत कौर शामिल हैं।

ज़िक्रयोग्य है कि आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने मंगलवार को पंजाब सिवल सचिवालय स्थित अपने दफ़्तर में एन. ओ. सीज. से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा और इनके हल के लिए मीटिंग बुलानी थी, जिसमें यह अधिकारी/कर्मचारी समय सिर नहीं पहुँचे थे।

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने मुख्य प्रशासक पुड्डा को इन अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और तीन दिनों में जवाब देने के लिए कहा है।

TRAVELING

ऊंचे पहाड़, नदियों का सुरीला संगीत, वाकई जब हम घूमने निकलते हैं तो ऐसा लगता है जैसे प्रकृति भी हमारे साथ गुनगुना रही है।

कहानियां जो सैर की किताब बन गईं

यात्रा में इसबार जिंदगी के खूबसूरत वे पल जिन्हें घुमक्कड़ों ने भविष्य के घुमक्कड़ों के लिए संवारा उसके कुछ ग्रेट बुक्स...



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

चारों तरफ फैली हरियाली, मन मोहते ऊंचे पहाड़, नदियों और समंदर का सुरीला संगीत, वाकई जब हम घूमने निकलते हैं तो ऐसा लगता है जैसे प्रकृति भी हमारे साथ गुनगुना रही है। जब ऐसी यात्राओं को कलाकार की तरह महसूस करके कोई पन्नो पर उतारता है तो पढ़ने वालों के सामने भी उस जगह के दृश्य आ खड़े होते हैं। यही होती है खासियत यात्राओं के बारे में लिखने वालों की। तो चलो ऐसी ही कुछ किताबों को करीब से जानते हैं।

द ग्रेट रेलवे बाजार: बाय ट्रेन थ्रू एशिया

कहीं पहाड़ों के बीच से रास्ता बनाती तो कहीं नदियों पर बने ऊंचे पुल से गुजरतीं, कहीं जंगलों में खो सी जातीं, तो कहीं टनल्स के बीच अंधेरे में भी रास्ता ढूंढ लेतीं। ट्रेन्स ऐसी अद्भुत सवारी हैं जो सालों से लोगों को एक जगह से दूसरी जगह लाने-ले जाने में मदद कर रही हैं। अमेरिका के नॉवेल राइटर पॉल थेरॉक्स की यह किताब भी कुछ ऐसी ही बातों से रूबरू कराती है।

चार महीनों की यह यात्रा है लन्दन से लेकर यूरोप, मिडिल ईस्ट, भारत और साऊथ ईस्ट एशिया तक की। और इस पूरे सफर में अलग-अलग तरह की ट्रेन्स और हर जगह ट्रेन के साथ जुड़ी रोचक जानकारी को यह किताब सामने लाती है। इसमें सिंहली यानी श्रीलंका की ट्रेन्स में बौद्ध भिक्षुकों के लिए साथ चलने वाली कार से लेकर भारतीय ट्रेन के वेजिटेरियन किचन, मलेशियन ट्रेन्स के नूडल्स के स्टॉल व वियतनामी ट्रेन्स के बुलेटप्रूफ कांच के विवरण जैसी कई बातें शामिल हैं।

सबसे जरूरी किताब

दरअसल यह किताब से भी कहीं ज्यादा सबके लिए एक गाइड की तरह है जो यात्रा के दौरान रास्तों से इंट्रोडक्शन कराता है। ये है एक मैप। किसी भी जगह के लिए एक सही मैप का साथ होना सफर में हर चीज को और भी मजेदार बना देता है। यही कारण है कि अब किताब के रूप में ही नहीं बल्कि डाउनलोड किए जा सकने वाले रूप में भी मैप आपके सफर के साथी बन सकते हैं।

लैटर्स फ्रॉम इजिप्ट: अ जर्नी ऑन द नाइल

फ्लोरेंस नाइटएंगल, क्या तुम्हें यह नाम सुना या पढ़ा सा लग रहा है? अगर तुम्हें यह नाम नर्सिंग की फील्ड में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली और दुनिया भर में चिकित्सा जगत में पीड़ितों की मदद के लिए जानी जाने वाली फ्लोरन्स नाइटिंगेल से मिलता-जुलता लग रहा है तो तुम बिलकुल सही हो। ये वही ख्यात महिला हैं। उनके द्वारा लिखी यह किताब पत्रों के जरिए दर्शाया गया एक शानदार यात्रा वृतांत है।

यह वह सफर है जो उन्होंने लगभग तीन महीने नील नदी में नाव की सवारी पर तय किया। वे एक बहुत अच्छी लेखक भी थीं इसलिए अपनी यात्रा के दौरान खूब लम्बे-लम्बे कहानियों के जैसे लैटर्स अपने परिवार को लिखा करती थीं। क्यूंकि तब कोई मोबाइल फोन तो थे नहीं। उनके यही पत्र किताब के रूप में ढल गए। यह किताब पढ़ने वाले के सामने आज से कई साल पहले की दुनिया को समझने-जानने और फील करने का मौका देती है।

द इनोसेन्ट्स अब्रॉड

अमेरिकन ऑथर मार्क ट्वैन की लिखी यह किताब क्लासिक ट्रेवेलॉग्स में मानी जाती है और बेस्ट सेलिंग बुक्स में से एक है। मेडिटेरियन सी यानी भूमध्यसागर के कई पड़ावों से गुजरती यह यात्रा होली लैंड (जॉर्डन नदी और भूमध्यसागर के बीच का एक पवित्र माना जाने वाला स्थान) तक पहुंचती है। इस बीच फ्रांस, रोम और काला सागर भी यात्रा का हिस्सा होता है।

अपने विशेष अंदाज में लेखन के लिए माने जाने वाले मार्क ट्वैन ने इस यात्रा वृतांत को भी बड़े ही मजेदार तरीके से इतिहास और वर्तमान के बीच तुलनात्मक ढंग से एनालिसिस करते हुए लिखा है। यही चीज इस किताब को सबसे अलग बनाती है।

FASHION+

शनाया कपूर ने टाइट फिटिंग ड्रेस में यूं दिखाया स्लिम फिगर, फैंस हो रहे क्रेजी

शनाया कपूर अपने फैशन सेंस की वजह से अटेंशन चुरा लेती हैं। लेटेस्ट इंस्टाग्राम फोटोज में शनाया कपूर सफेद रंग की फिगर फिटिग ड्रेस को पहनकर रेडी हैं। जिसमे उनका लुक एलिगेंट दिख रहा है।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

शनाया कपूर उन स्टार किड्स में शामिल हैं। जिनकी बॉलीवुड में एंट्री के बिना ही लंबी फैन फॉलोइंग है। वजह है उनका हॉट लुक। बोल्ड बिकिनी से लेकर लहंगे तक में शनाया अक्सर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जिसे उनके चाहने वाले काफी पसंद करते हैं। वहीं बात जब स्टाइल की आती है तो वो बोल्ड अंदाज से पूरी लाइमलाइट चुरा लेती हैं। लेटेस्ट तस्वीरों को देखने के बाद आप भी कुछ ऐसा ही सोचने लगेंगे।

शनाया कपूर ने शेयर की तस्वीरें

शनाया कपूर ने इंस्टाग्राम पेज पर अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमे वो सफेद रंग के टाइट फिटिंग कपड़ों को पहने रेडी हैं। लक्जरी लेबल वैलेंटिनो से लिए गए इस आउटफिट की डिजाइन कमाल की है। जिसमे वो आसानी से स्लिम फिगर को फ्लांट कर रही हैं। जूल नेकलाइन के साथ फुल स्लीव डिजाइन की व्हाइट ड्रेस पर कमर पर कट बना है। जो बैक से इसे क्रॉप टॉप और स्कर्ट वाला लुक दे रहा है। वहीं फ्रंट में बस्ट एरिया पर जुड़ा है। वहीं सिल्वर वर्क इस सिंपल सी ड्रेस को खूबसूरत बना रहा है।

स्टाइल दिखा परफेक्ट

फ्लोर लेंथ डिजाइन के गाउन को शनाया के ग्रेसफुल तरीके से कैरी किया है। जिसमे डार्क रेड लिपस्टिक के साथ ही साइड स्विफ्ट बन शामिल है। सॉफ्ट स्मोकी आईज और डायमंड ईयररिंग्स पूरे लुक में चार चांद लगा रहे हैं।

शनाया का बोल्ड अंदाज

शनाया बेहद एलिगेंट तरीके से बोल्ड लुक को भी शोऑफ कर लेती हैं। केंडल जेनर और सुहाना खान के साथ पार्टी करने के लिए शनाया ने लाल रंग के ऑफ शोल्डर ड्रेस को चुना था। जिसके साथ फ्रंट पार्टेड स्लीक पोनी टेल उनके लुक को स्टनिंग बना रहा है। बेड पर बैठकर पोज दे रहीं शनाया इस लुक में काफी हसीन दिख रही हैं।

वीकेंड को बनाएं स्पेशल चिकन गिलाफी कबाब के साथ

चिकन गिलाफी कबाब की ये रेसिपी आपकी वीकेंड की शाम को बेहद खास बना सकती है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं घर पर ही कैसे बनाए जाते हैं बाजार जैसे टेस्टी चिकन गिलाफी कबाब।

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

अगर आप नॉनवेज खाने के शौकीन हैं और अपने वीकेंड को जायकेदार बनाना चाहते हैं तो ट्राई करें चिकन गिलाफी कबाब की ये टेस्टी रेसिपी। चिकन गिलाफी कबाब की ये रेसिपी आपकी वीकेंड की शाम को बेहद खास बना सकती है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं घर पर ही कैसे बनाए जाते हैं बाजार जैसे टेस्टी चिकन गिलाफी कबाब।

चिकन गिलाफी कबाब बनाने के लिए सामग्री-

- चिकन कीमा 20 ग्राम
- प्याज कटे हुए
- तेल तलने के लिए
- कद्दूकस किया हुआ अदरक 2 छोटे चम्मच
- धनिया पत्ती 2 बड़े चम्मच
- पिसा लहसुन 1 छोटा चम्मच
- पुदीना पत्ती 1-2
- काजू का पेस्ट 2 बड़े चम्मच
- फेंटा अंडा 2 बड़े चम्मच
- भुना बेसन 2 छोटे चम्मच
- हरी मिर्च 1 छोटा चम्मच
- नींबू का रस 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला ½ छोटा चम्मच

चिकन गिलाफी कबाब बनाने की विधि-

चिकन गिलाफी कबाब बनाने के लिए सबसे पहले काजू के पेस्ट और बेसन को छोड़कर बाकी बची सभी सामग्री को मिक्सी में पीसकर किसी बड़े बर्तन में डाल लें। इसके बाद इसमें काजू पेस्ट और बेसन डालकर इसका आटा गूंथ लें। इस आटे से 3 इंच लंबे कबाब बनाकर सुनहरे-भूरे होने तक ग्रिल करें। इसके बाद इन कबाब पर ऊपर से नींबू का रस डालकर प्याज के छल्ले और हरी चटनी के साथ सर्व करें।

बच्चों को इस तरह सिखाएं पैसों की कद्र करना, लालच से रहेंगे कोसों दूर

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

PARENTING

बच्चों को अच्छी परवरिश देने के लिए माता-पिता को कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। जिसमें बच्चों को पैसों की जुड़ी समझ देना भी शामिल है। अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा बड़ा होकर एक अच्छा और ईमानदार व्यक्ति बने तो उसे छोटी उम्र से ही पैसों की कद्र करना सिखाएं। इसके लिए आप ये कुछ आसान टिप्स अपना सकते हैं।

बच्चों को सिखाएं मनी मैनेजमेंट- बच्चों को मनी मैनेजमेंट सिखाने के लिए उन्हें कहीं बाहर भेजने की जरूरत नहीं है बल्कि आप उनसे घर के ही कुछ काम करवा सकते हैं। जिसके बदले आप चाहे तो उन्हें कुछ पैसे भी उपहार में दे सकते हैं। इससे बच्चे को समझ आएगा कि पैसा किस तरह मेहनत कर के कमाया जाता है और उसकी लाइफ में क्या अहमियत होती है।

पॉकेट मनी- बच्चों को पैसे संभालने का गुण सिखाने के लिए उन्हें उनके खर्चों के लिए एक सीमित पॉकेट मनी देना शुरू करें। ऐसा करने से उन्हें पैसों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास होगा और वो सोच-समझकर खर्च करना सीखते हैं। हालांकि बच्चों को पॉकेट मनी देते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप उन्हें जरूरत से ज्यादा पैसे ना दें।

गुल्लक- बच्चों को उपहार में महंगी चीजें देने से अच्छा है कि आप उन्हें गुल्लक रखना सिखाएं। गुल्लक की मदद से बच्चे धीरे-धीरे अपने शौक खुद पूरे करना सीख जाते हैं। इसके अलावा वो बाजार के जंक फूड में पैसे खराब करने की जगह उन्हें जमा करना भी सीखते हैं।

ग्रॉसरी शॉपिंग- जब भी आप बाजार ग्रॉसरी शॉपिंग के लिए जाएं तो अपने साथ बच्चे को भी ले जाएं। बाजार से सामान खरीदते समय बच्चे को पैसे खर्च करने के लिए कहें। ऐसा करने से आप यह समझ पाएंगे कि आपके बच्चे को पैसे की कितनी समझ है और आपको उसे और कितना समझाने की जरूरत है।

घर की जिम्मेदारी दें- बच्चों को मनी मैनेजमेंट सिखाने के लिए उन्हें बचपन से ही घर की छोटी-छोटी जिम्मेदारियां देना शुरू कर दें। ऐसे में शॉपिंग करने से लेकर राशन और सब्जियों की खरीददारी में बच्चों की हेल्प मांगें। आपके ऐसा करने से आपके बच्चे को महंगाई को ध्यान में रखकर जरूरी चीजों का चयन करने की सीख मिलेगी।

रोटी पर घी लगाना सही या गलत, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

HEALTH+

वजन कम कर रहे लोग अक्सर घी खाने को लेकर डाउट में रहते हैं। ऐसे में कई बार वे रोटी में भी घी लगाने से बचते हैं। यहां जानें एक्सपर्ट्स का इस बारे में क्या कहना है।

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

घी भारतीय किचन का खास हिस्सा है। इसे हम खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करते हैं साथ ही शुभ कामों में भी इसका महत्व है। खासकर गाय के घी का। कई लोगों को इसका स्वाद पसंद होता है तो कुछ को घी नहीं भाता। कुछ लोग फैट बढ़ने के डर से भी घी नहीं खाते। रोटी पर घी लगाना चाहिए या नहीं, यह सवाल भी कई लोगों के मन में होता है। हालांकि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बिना घी की रोटी नहीं खा पाते। यहां जानें क्या रोटी पर घी लगाना सही है या गलत।

करीना हैं घी की शौकीन

घी बॉलीवुड की कई ऐक्ट्रेसस की रूटीन डायट का हिस्सा है। शिल्पा शेट्टी दिन की शुरुआत घी और हल्दी से करती हैं। वहीं करीना कपूर को भी घी काफी पसंद है। कॉमेडियन भारती भी बता चुकी हैं कि जब वह वजन घटा रही थीं तो उन्होंने घी खाना नहीं छोड़ा था। अब कई लोगों को लगता है कि रोटी में घी लगाना अनहेल्दी है। जबकि एक्सपर्ट्स की मानें तो रोटी में घी लगाने से इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स घट जाता है। इससे आपका पेट लंबे वक्त तक भरा रहता है। इसलिए अगर आप वजन कम कर रहे हैं तो भी रोटी में घी लगाकर खाना आपके लिए अच्छा है।

घी है हेल्दी फैट

घी में सॉल्यूबल विटामिन्स होते हैं यह भी वजन घटाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं घी में गुड कोलेस्ट्रॉल होता है। वहीं यह हॉरमोन्स भी बैलेंस करता है। इसलिए अगर आपके मन में डाउट है कि रोटी में घी लगाना है या नहीं तो आप बेझिझक लगा सकते हैं।

मातृभाषा : शिक्षा की आधारशिला

भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं। 21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में 'बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरत' विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा। जैसाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है। बहुत अधिक 'किताबी ज्ञान' में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए।"

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से छुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनईपी 2020 प्रारंभिक बचपन की देखभाल व शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है। मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है व हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान

जालंधर ब्रीज

धर्मेंद्र प्रधान
(भारत सरकार में शिक्षा मंत्री मंत्री हैं।)

और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा। भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है।

स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है। हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। यें तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा 'आकांक्षी' बने। बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी।

भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संस्कृति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

शहरी 20 : एक एकीकृत वैश्विक व्यवस्था के लिए सहयोगी शहरों का निर्माण

शहरी 20 कार्य समूह का उद्घाटन 9-10 फरवरी 2023 को अहमदाबाद में किया गया था। शहरी 20, या यू20, हर वर्ष आयोजित होने वाली सबसे प्रभावशाली शहर-स्तरीय कूटनीति पहलों में से एक है। जी-20 समूह के महापौरों और नामित 'सिटी शेरपाओं' की भागीदारी के साथ, यू20 में हुए विचार-विमर्श जी-20 के तहत होने वाली वार्ताओं की जानकारी देते हैं और वे शहरी विकास से जुड़े विस्तृत विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उद्घाटन बैठक में 42 शहरों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया- यू20 की स्थापना के बाद से इसमें सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई!

यह उचित है कि भारत इस वर्ष शहरीकरण और शहरी गतिशीलता पर चर्चा कर रहा है। मोदी सरकार के तहत, भारत ने वैश्विक शासन के मुद्दों पर कार्यों का तेजी से नेतृत्व किया है। ऐसी ही एक सफलता की कहानी हमारे शहरी क्षेत्रों का परिवर्तन है जो अब अन्य देशों विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में अन्य देशों के लिए सीख लेने का ब्लूप्रिंट बन गया है। इस साल के यू20 का उद्देश्य विकास के वैश्विक एजेंडे पर शहरों द्वारा अपनाई गई नीतियों और कार्य-प्रणालियों के जबरदस्त प्रभावों पर प्रकाश डालना है।

उद्घाटन बैठक आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिकीय सामंजस्य में शहरों की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए इन विषयों पर आधारित रही। पहचाने गए प्राथमिकता वाले छह क्षेत्रों के आसपास आम सहमति विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। सबसे अधिक जोर हमारे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहारों को अपनाने की अत्यावश्यकता पर दिया गया। दूसरा, जल संसाधनों का संरक्षण और पानी तक समान पहुंच प्रदान करने को अधिक प्रमुखता दी गई। तीसरा, इस बात की स्वीकृति थी कि जलवायु वित्तपोषण यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इस्तेमाल में आने वाली पूंजी की आवश्यकता है क्योंकि हम पुराने बुनियादी ढांचे को फिर से बनाना चाहते हैं। चौथा, यह अनिवार्य हो गया है कि हम कानूनी तंत्र और शासन के ढांचे पर पुनर्विचार करें ताकि रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। पांचवां, जीवंत नागरिक समाज के लिए शहरों की स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने की लोकप्रिय मांग को मान्यता दी गई। अंत में, प्रौद्योगिकी और डेटा के उपयोग का समर्थन करने वाली प्रक्रियाओं का लोकतंत्रीकरण करने को आवश्यक समझा गया।

शहर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोगी एजेंडे को आगे बढ़ाने में अपनी एकजुटता व्यक्त की। यू20 के इस छठे संस्करण ने एक ऐसे मंच का आकार ले लिया है, जिसका उद्देश्य शहरी शासन से जुड़े विचार-विमर्श को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करके शहरी प्रशासन को नीति और कार्यप्रणाली के बीच की खाई को पाटने से लैस करना है। यू20 के 'चेयर सिटी' के रूप में, अहमदाबाद ने साबरमती रिवरफ्रंट के विकास में अपनाए गए नवाचारों को प्रतिपादित किया है, साथ ही उसने अन्य सुधारों के साथ-साथ किफायती आवास नीति और विरासत प्रबंधन योजना की प्रमुख विशेषताओं पर उदाहरण पेश किया है।

अहमदाबाद नागरिक-उन्मुख कायाकल्प की भावना को समाहित करता है जिसे भारत ने आरंभ किया है। पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने दुनिया

जालंधर ब्रीज

हरदीप सिंह पुरी
(लेखक, भारत सरकार में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)

का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम शुरू किया है जो सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद; सार्वभौमिकरण और बुनियादी सेवाओं की संतृप्ति; टेक्नोलॉजी नवाचार; आर्थिक अवसर; और एक ग्रामीण-शहरी श्रृंखला पर आधारित है। हमारी शहरी परिवहन नीतियां भारत के शहरी परिदृश्य में हरित गतिशीलता विकल्पों को जोड़कर पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। विभिन्न परिवर्तनकारी शहरी मिशनों के परिणामस्वरूप भारतीय शहर देश को आर्थिक और एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए तैयार हैं।

यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने का दायित्व शहरों का होगा। भारत के मामले में-जिन शहरों में 2030 तक 600 मिलियन से अधिक लोग निवास करेंगे- मैंने अक्सर कहा है कि "यदि भारत सफल होता है, तो एसडीजी सफल होगा और एसडीजी के सफल होने के लिए, भारत को अवश्य सफल होना चाहिए।" मुझे कोई संदेह नहीं है कि भारत सफल होगा, और ऐसा करने में, बाकी दुनिया को दिखाएगा कि कैसे विकासशील अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक चुनौतियों से निपट सकती हैं। हमारी शहरी क्षमताओं का प्रमाण इस बात में निहित है कि हमारे आबादी वाले शहर गंभीर रूप से प्रभावित होने के बावजूद हमने महामारी पर काबू पा लिया। विकेन्द्रीकृत स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, सार्वभौमिक सेवा वितरण और किफायती किराये के आवास जैसे उपायों के माध्यम से, भारत ने एक शासन दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया जिसने न केवल विश्व में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त की, बल्कि इसके अनुसरण के लिए हाल ही में आह्वान भी किया।

ऐसे समय में जब दुनिया भू-राजनीतिक संघर्ष, वित्तीय अनिश्चितता और जलवायु से जुड़े संकट से घिरी हुई है, यह जरूरी है कि हम निम्नतम स्थानीय स्तर से लेकर उच्चतम वैश्विक समूह तक नीतिगत प्रतिक्रिया का समन्वय करे और उसकी जांच करें। सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, विभिन्न मतों के बीच आम सहमति बनाना भारतीय डीएनए में है।

इसी लोकाचार की वजह से इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय निर्धारित किया है: 'वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य।'

जी-20 2023 में संकट की घड़ी से निपटने की क्षमता है जिससे पारस्परिक रूप से लाभप्रद और स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक ढांचा उभरेगा। मेरा मानना है कि यू20 अहमदाबाद हमारे शहरों के बीच सामूहिक कार्य की इस भावना को आकार देने के लिए अग्रणी समूह होगा। जी-20 सचिवालय, राष्ट्रीय इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स जो यू20 तकनीकी सचिवालय है, और जिसमें दुनिया भर के ज्ञानी हैं, से लगातार मिलने वाले निर्देश से, मुझे विश्वास है कि अहमदाबाद का नेतृत्व यू20 के इस छठे संस्करण के प्रभाव को बढ़ाएगा।

मैं शहर के शेरपाओं की सराहना करता हूं जिन्होंने यू20 कार्यक्रम के उद्घाटन में सार्थक योगदान दिया। मुझे उम्मीद है कि मेयर, शेरपा और शहरों के प्रतिनिधि 2023 यू20 में भाग लेना जारी रखेंगे, जिसके बाद जुलाई में मेयरों का शिखर सम्मेलन होगा। जैसा कि हम समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के साझा लक्ष्य को जारी रखे हुए हैं, यू20 के इस छठे संस्करण में एक रोडमैप बनाने का अनूठा अवसर है जो आने वाले वर्षों में शहरी नीतियों के लिए प्रेरित करेगा।

भोपाल-उज्जैन ट्रेन ब्लास्ट मामले में 7 आतंकियों को मौत की सजा, एक को उम्रकैद

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट मामले में यूपी की लखनऊ स्थित एनआईए कोर्ट ने 7 लोगों को मौत की सजा सुनाई है। वहीं एक अन्य आरोपी को आजीवन कारावास की सजा मिली है। एनआईए कोर्ट के सरकारी वकील बृजेश यादव ने बताया कि 24 फरवरी को कोर्ट ने 8 आतंकियों को दोषी माना था। जिन 7 आतंकवादियों को मौत की सजा सुनाई गई है उनमें मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन और आसिफ इकबाल रॉकी शामिल हैं। वहीं, मोहम्मद आतिफ ईरानी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दिनों मामले की सुनवाई के दौरान आठों आतंकी कोर्ट में मौजूद रहे। मालूम हो कि इस मामले में कुल 9 आतंकी दोषी ठहराए गए थे। इनमें से एक आतंकी सैफुल्ला की मुठभेड़ में मारा गया था। 6 साल पहले शाजापुर के पास जबड़ी रेलवे स्टेशन पर भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट में हुआ था जिसमें 9 लोग घायल हो गए थे। जबड़ी रेलवे स्टेशन पर सुबह 9.38 बजे ट्रेन में जोरदार बम धमाका हुआ जिससे अफरातफरी मच गई थी। कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई थी। इस मामले की जांच को केंद्र सरकार ने एनआईए के हवाले कर दिया था।

इन धाराओं के तहत दर्ज था मामला : गौरतलब है कि आठों दोषियों को आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने से जुड़े 'कानपुर षडयंत्र' मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय दंड संहिता, गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। NIA की जांच में यह खुलासा हुआ कि दोषियों ने IED बनाई और उनमें से कुछ का टेस्ट किया। इसके बाद उन्हें उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर लगाने की कोशिश की थी।

आतंकी समूह ने कई स्थानों से कथित तौर पर अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री जुटाई थी। आईएसआईएस की साजिश का मामला उस वक्त सामने आया, जब कानपुर नगर निवासी मुख्य आरोपी मोहम्मद फैसल को ट्रेन में विस्फोट की घटना को लेकर गिरफ्तार किया गया। फैसल से पूछताछ के दौरान हुए खुलासे के आधार पर उसके सहयोगियों गौस मोहम्मद खान उर्फ 'करन खत्री', अजहर खान उर्फ 'अजहर खलीफा' और आसिफ इकबाल उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया गया था। वे सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

जाकिर नाइक के दुष्प्रचार से थे प्रभावित

एनआईए प्रवक्ता के मुताबिक, मामले की जांच से यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ कि आरोपी ISIS के सदस्य थे और वे इस्लामिक स्टेट व इसके नेता अबू बकर अल बगदादी के प्रति निष्ठा रखते थे। प्रवक्ता ने कहा, 'मुजफ्फर, नेतृत्वकर्ता था और वह (इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक के दुष्प्रचार से प्रभावित था। यह पाया गया कि वह आईएस से जुड़ी वेबसाइट अक्सर देखा करता था, जहां से वह वीडियो डाउनलोड करता था तथा उन्हें अपने समूह के अन्य लोगों के साथ साझा करता था।'

एनआईए ने कहा कि सभी आठों दोषी आईएसआईएस की गतिविधियों को भारत में बढ़ावा दे रहे थे। एजेंसी ने कहा, 'इस उद्देश्य की खातिर फैसल, गौस खान, मुजफ्फर, दानिश और सैफुल्ला ने स्थल मार्गों का पता लगाया। उन्होंने प्रवासन के लिए कोलकाता, सुंदरवन, श्रीनगर, अमृतसर, वाघा सीमा, बारमेड़, जैसलमेर, मुंबई और कोझिकोड सहित कई प्रमुख शहरों की यात्रा की। फैसल, अतीफ और सैफुल्ला ने मार्च 2016 में कश्मीर की भी यात्रा की थी।'

सिसोदिया की गिरफ्तारी पर पसोपेश में क्यों है कांग्रेस? न विरोध कर रही न समर्थन

• **जालंधर ब्रीज.** मुंबई

जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर कई विपक्षी दल कड़ा विरोध दर्ज करा रहे हैं। लेकिन देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पसोपेश में नजर आ रही है। कांग्रेस सिसोदिया की गिरफ्तारी का न तो समर्थन कर रही है और न ही खुले तौर पर विरोध। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर लगभग एक दिन तक चुप्पी बनाए रखने के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने बिना किसी का नाम लिए एक बयान जारी कर 'उत्पीड़न' के लिए केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की आलोचना की।

देश सबसे पुरानी पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर लिखा, "कांग्रेस का हमेशा यह मानना रहा है कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसे संस्थान मोदी सरकार के तहत राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न के साधन बन गए हैं। इन संस्थानों ने सभी व्यावसायिकता खो दी है। उनकी प्रतिष्ठा को नष्ट करने के लिए विपक्षी नेताओं को चुनिंदा रूप से टारगेट किया जाता है।" भले ही कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने सिसोदिया की गिरफ्तारी का "स्वागत" किया है, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी कहीं न कहीं 2024 की ओर इशारा कर रही है। रायपुर में अपने तीन दिवसीय अधिवेशन में कांग्रेस ने बार-बार अन्य विपक्षी दलों के साथ काम करने की अपनी इच्छा जाहिर की थी।

हमारे वक्त तो खामोश रही थी 'आप' - कांग्रेस : कांग्रेस की चुप्पी के और भी कई मायने निकाले जा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि आम आदमी पार्टी उन राज्यों में कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगा रही है जहां उसकी अच्छी पकड़ रही है, खासकर दिल्ली में जहां कांग्रेस लगातार दो चुनावों में एक भी विधानसभा सीट नहीं जीत पाई। इसके अलावा, जब सोनिया गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं को नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ का सामना करना पड़ा तो भी 'आप' ने कुछ नहीं बोला था। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर पिछले साल जुलाई में ईडी द्वारा सोनिया गांधी से पूछताछ किए जाने के दिन टीएमसी के अलावा, आप भी विपक्षी दलों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान से दूर रही थी।

हालांकि कांग्रेस ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर अपने रुख में अस्पष्टता होने की बात को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए, लेकिन उसका यह सवाल भी है कि जांच एजेंसियों द्वारा सिर्फ विपक्ष के नेताओं को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं के प्रवर्तन निदेशालय द्वारा किए गए 'उत्पीड़न' की आम आदमी पार्टी ने भर्त्सना नहीं की थी क्योंकि उसमें ('आप' में) नैतिकता नहीं है, लेकिन उसके (कांग्रेस के) भीतर नैतिकता है।

उन्होंने कहा, ''जब हमारे नेताओं को बुला-बुलाकर ईडी प्रताड़ित करती है, हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जाता है तो तब क्या आम आदमी पार्टी ने भर्त्सना करते हुए एक शब्द बोला था? उनके अंदर नैतिकता नहीं है, हमारे अंदर नैतिकता है।''सुप्रिया ने आप से सवाल किया, ''क्या आपको इसका अहसास है कि जब विपक्ष पर हमला हो रहा है तब चुप रहने का कोई विकल्प नहीं है?''

मुकेश अंबानी और उनके परिवार को अब दुनियाभर में मिलेगी जैड+ सुरक्षा, सुप्रीम कोर्ट का खर्च को लेकर भी निर्देश

जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ मामले पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि अगर सुरक्षा को खतरा है तो सिक्योरिटी कवर को किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं किया जा सकता।

• **जालंधर ब्रीज.** मुंबई

बिजनेसमेन मुकेश अंबानी को अब मुंबई के बाहर भी जैड+ सुरक्षा मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे भारत और विदेशों में भी अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जैड+ सुरक्षा कवर मुहैया कराने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने इस सुरक्षा कवर में आने वाली लागत को लेकर भी निर्देश जारी किया, जिसमें कहा कि इसका पूरा खर्च अंबानी परिवार की ओर से उठाया जाएगा।

जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ इस मामले पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि अगर सुरक्षा को खतरा है तो सिक्योरिटी कवर को किसी विशेष क्षेत्र या रहने वाली जगह तक सीमित नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा, 'प्रतिवादी संख्या 2 से 6 (अंबानी परिवार) को प्रदान किया जाने वाला उच्चतम जैड+सुरक्षा कवर पूरे भारत में उपलब्ध होगा। इसे महाराष्ट्र राज्य और गृह मंत्रालय की ओर से सुनिश्चित किया जाएगा।'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गृह मंत्रालय कराए सुनिश्चित : पीठ ने कहा ने कहा कि भारत सरकार की नीति के अनुसार जैड+ सुरक्षा उस वक्त भी मुहैया जानी चाहिए, जबकि प्रतिवादी संख्या 2 से 6 विदेश यात्रा पर हो। यह गृह मंत्रालय की ओर से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसने कहा कि देश के भीतर और देश के बाहर भी अंबानी की व्यावसायिक गतिविधियां हैं। यह जानते हुए भी अगर इसे किसी विशेष स्थान या क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया जाएगा तो सुरक्षा कवर प्रदान करने का मूल उद्देश्य विफल हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश याचिकाकर्ता विकास साहा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इसमें 22 जुलाई, 2022 के उस आदेश पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसमें कोर्ट ने केंद्र को मुंबई में अंबानी और उनके परिवार वालों के लिए सुरक्षा कवर जारी रखने की इजाजत दी थी। केंद्र की याचिका में त्रिपुरा हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें गृह मंत्रालय को अंबानी परिवार की सुरक्षा से जुड़ी मूल फाइलें अदालत में पेश करने के लिए कहा गया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि गृह मंत्रालय के अधिकारी को 28 जून, 2022 को सीलबंद लिफाफे में फाइलों के साथ अदालत में पेश होना चाहिए। हालांकि, बाद में एससी ने इस फैसले पर रोक लगा दी। इस मामले में अब यह आदेश जारी हुआ है।

भारतीय सेना और केंद्रीय संचार ब्यूरो ने अग्निपथ योजना के लिए शुरू किया विशेष जागरूकता अभियान

कर्नल जयवीर सिंह निदेशक भर्ती जोनल आरओ ने आवश्यक मानदंडों और दस्तावेजों के बारे में अवगत कराया

• जालंधर ब्रीज, जालंधर

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), सूचना और प्रसारण मंत्रालय और जोनल भर्ती कार्यालय (जोनल आरओ), भारतीय सेना, जालंधर की ओर से बड़ी संख्या में युवाओं को अग्निपथ योजना के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य है सेना के तीनों अंगों में अग्निवीर योजना के साथ-साथ जूनियर कमीशंड अधिकारियों और कमीशंड अधिकारियों के रूप में शामिल होने के इच्छुक युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से एमआरपीडी गवर्नमेंट कॉलेज तलवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम- कम-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्नल जयवीर सिंह, निदेशक भर्ती जोनल आरओ. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि जिला रोजगार सृजन कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी गुरमेल सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) जालंधर के प्रमुख फील्ड प्रचार अधिकारी राजेश बाली ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि जोनल आरओ. ने पंजाब में जागरूकता अभियान के लिए सीबीसी के साथ समन्वय कायम किया है। कार्यक्रम स्थल पर एमआरपीडी सरकारी कालेज व सरकारी आईटीआई तलवाड़ा के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कर्नल जयवीर सिंह निदेशक भर्ती जोनल आरओ ने उन्हें अग्निवीर के रूप में सेना में शामिल होने के लिए आवश्यक मानदंडों और दस्तावेजों के बारे में अवगत कराया। आवश्यक ऊंचाई और वजन मापने का एक औपचारिक प्रदर्शन भी आयोजित किया गया। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि भर्ती में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को रैली शुरू होने से पहले ड्रग टेस्ट पास करना होगा। शरीर पर टैटू बनवाने की बिल्कुल अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब को भारतीय सेना की खड़ग भुजा के रूप में जाना जाता है और राज्य से बड़ी संख्या में युवा मातृभूमि की सेवा के लिए सेना में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि तलवाड़ा और होशियारपुर के इस क्षेत्र में सैकड़ों जवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं को अग्निवीर सैनिक और सैन्य अधिकारी बनकर देश की सेवा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के लिए ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईई) की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2023 है।

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल की पहल पर अग्निपथ योजना के बारे में पूरे जागरूकता कार्यक्रम का जिले के लगभग सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में सीधा प्रसारण किया गया, , जिसको वास्तविकता में बदलने के लिए जिला रोजगार सृजन कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी गुरमेल सिंह द्वारा ने सक्रिय सहयोग दिया गया। एमआरपीडी गवर्नमेंट कॉलेज तलवाड़ा के प्रिंसिपल गुरमीत सिंह ने कॉलेज के करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल के तहत अग्निपथ योजना जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अग्निपथ को दर्शाने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने इसमें काफी रुचि दिखाई और वहां दिखाए गए चित्रों पर दिए गए बार कोड (स्कैनर) के माध्यम से वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एन आई सी डॉट इन से जुड़े। इस अवसर पर जोनल आर.ओ. कार्यालय के सूबेदार मेजर जपमणि के अलावा सरकारी कॉलेज की कॅरियर काउंसिलिंग एवं गाइडेंस सेल की प्रभारी डॉ. मोनिषा शर्मा, एनसीसी अधिकारी मुनीश कश्यप, प्लेसमेंट अधिकारी आईटीआई तलवाड़ा मनोज कुमार व जिला प्लेसमेंट अधिकारी राकेश डडवाल भी मौजूद रहे।

खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए तैयार करने पर केंद्रित होगी नई खेल नीति : मीत हेयर

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य में बनाई जा रही नयी खेल नीति जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए तैयार करने, राष्ट्रीय मुकाबलों के विजेता खिलाड़ियों का मान-सम्मान, खिलाड़ियों को नौकरियाँ, कोचों को अवार्ड देने और कालेजों-यूनिवर्सिटियों के खिलाड़ियों को मुकाबले का साथी बनाने पर केंद्रित होगी। यह जानकारी पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने नयीं खेल नीति के लिए बनाई माहिरों की कमेटी के साथ मसौदे पर विचार-विमर्श करने के उपरांत दी।

मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से खेल क्षेत्र को प्रमुख प्राथमिकता देने के निर्देशों के अंतर्गत खेल नीति में इस बात पर ज़ोर दिया जायेगा कि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की तैयारी करवाने पर ध्यान केंद्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि हाल ही में ओलम्पिक्स की तैयारी के लिए एथलीट अकशदीप सिंह को 5 लाख रुपए की नकद राशि दी गई है। भविष्य में दूसरे बड़े मुकाबलों की तैयारी के लिए भी खिलाड़ियों को नकद राशि देने को नीति का हिस्सा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मुकाबलों के लिए तैयार करना बड़ी बात है, पदक जीतने के बाद तो हर कोई इनाम, मान-सम्मान दे देता है परन्तु ज़रूरत है मुकाबले से पहले तैयारी के लिए मदद की जाये।

खेल मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के सीनियर और जूनियर मुकाबलों के पदक विजेताओं को हर महीने वज़ीफ़ा देने के लिए ओलम्पियन बलबीर सिंह सीनियर वज़ीफ़ा स्कीम शुरू की गई है। मीटिंग में यह विचार किया गया कि इसका दायरा बढ़ाया जाये और वज़ीफ़ा राशि भी बढ़ाई जाये। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के पदके अनुसार नौकरी देने को प्राथमिकता दी जायेगी। खिलाड़ियों को दिए जाते महाराजा रणजीत सिंह अवार्ड की तर्ज़ पर कोचों के लिए अवार्ड शुरू किया जायेगा। निचले स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार वाले कोचों को भी अनदेखा नहीं किया जायेगा। कालेजों-यूनिवर्सिटियों में खेल मुकाबलों का स्तर ऊँचा उठाने के लिए राज्य की यूनिवर्सिटियों के अंतर यूनिवर्सिटी खेल मुकाबले करवाए जाएंगे।

भ्रष्टाचार उन्मूलन के अलावा समाज सेवा में भी अग्रणी है आल इंडिया एंटी करप्शन फोरम जिला कपूरथला : खुल्लर/नेहरा

• जालंधर ब्रीज.फगवाड़ा

आल इंडिया एंटी करप्शन फोरम जिला कपूरथला की जनरल बॉडी मीटिंग होटल ग्रैंड अंबेसडर रेलवे रोड फगवाड़ा में हुई जिसकी अध्यक्षता फोरम के जिला प्रधान चन्द्रशेखर खुल्लर एवं जिला महासचिव रमन नेहरा ने संयुक्त तौर पर की। इस दौरान पत्रकारों से वार्तालाप में जिला महासचिव रमन नेहरा ने बताया कि जनरल बॉडी मीटिंग में फोरम द्वारा पिछले समय के दौरान किये समाज सेवी कार्यों की चर्चा के पश्चात आगामी दिनों में किये जाने वाले नए प्रोजैक्टों बारे विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि अप्रैल से स्कूलों में नया विद्यक सेशन शुरु होने जा रहा है अत: सरकारी स्कूलों में पढने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को वर्दियां, स्टेशनरी व फीस इत्यादि की सेवा की जाएगी। इसके अलावा समाजिक कुरीतियों, नशे की बुराई तथा पर्यावरण सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जागरुकता अभियान चलाने बारे भी विचार विमर्श किया गया है।

जिला प्रधान चन्द्रशेखर खुल्लर ने बताया कि उनकी संस्था जहां भ्रष्टाचार उन्मूलन में प्रमुख भूमिका निभाती है वहीं समाज सेवा में भी हमेशा अग्रणी होकर कार्य करती है। जिसमें मुख्य तौर पर जरूरतमंद परिवारों को राशन, मरीजों को दवाएं, जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के विवाह पर आर्थिक सहायता व घरेलू सामान दिया जाता है। इस दौरान फोरम के नए सदस्य चरणजीत सिंह को पहचान पत्र देते हुए फोरम की गतिविधियों से अवगत करवाया गया। जनरल बॉडी मीटिंग में फोरम के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीपी सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरबजीत सिंह जगदेव, बलराज दुग्गल, कानूनी सलाहकार एस.के. अग्रवाल एडवोकेट, विशाल वालिया, सुखदेव सिंह, जसविन्द्र सिंह व जशनदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

होशियारपुर में आज से शुरु होगा कला व संस्कृति का संगम

प्रसिद्ध गायक सतिंदर सरताज के अलावा स्थानीय कलाकार करेंगे दर्शकों का मनोरंजन

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि होशियारपुर की कला व संस्कृति को संजोए हुए 'विरसा होशियारपुर दा' मेला शुक्रवार 03 मार्च से लाजवंती मल्टीपर्पज आउटडोर स्टेडियम होशियारपुर में शुरु होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले संबंधी सभी तैयारियां पूरी तरह से मुकम्मल कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मेले की तैयारी में लगी जिला प्रशासन की टीम की ओर से मेले का उद्घाटन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 07 मार्च तक लगने वाले इस मेले में जिले के 100 के करीब दस्तकार, सैल्फ हैल्प ग्रुप हिस्सा लेकर लोगों तक दस्तकारी के नमूनों को पेश करेंगे ताकि लोग एक ही छत के नीचे अपने जिले की अमीर संस्कृति से जुड़ी कलाकृतियों की खरीददारी कर सकें। उन्होंने बताया कि मेले में रोजाना उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों के अलावा जिले के विभिन्न कालेजों व स्कूलों और अन्य कलाकारों की ओर से अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 03 से 07 मार्च तक लोगों के लिए यह मेला रोज सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलेगा। उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य थीम यहां के प्लास्टिक इनले वर्क, पारंपरिक नृत्य, प्राकृतिक उत्पाद रहेंगे, जिसमें अलग-अलग कारीगरों, ग्रुपों व संस्थानों को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला जिले की दस्तकारी, संस्कृति व पर्यावरण से संबंधित दिलकश नमूनों को पेश करेगा और जिले के दस्ताकारों व सैल्फ हैल्प ग्रुपों के लिए अपने उत्पाद को बेचने का यह एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य जिले के दस्तकारों को एक ऐसा मंच प्रदान क रना है जहां उनको अपने सामान को बेचने के लिए किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि 05 मार्च को 'विरसा होशियारपुर दा' मेले में स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक सतिंदर सरताज अपने गीतों से समां बांधेंगे। इसके अलावा सरकारी कालेज की ओर से लंबी हेक व सिठनियां, डी.ए.वी कालेज होशियारपुर की ओर से भंगड़ा, बर्फी बैंड अभिषेक एंड ग्रुप की ओर से लाइव प्रोफारमेंस, लैकमे अकादमी की ओर से फैशन शो, गायक अनमोल राजा की लाइव प्रोफारमेंस, मलवई गिद्दा, नाटक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन लगातार जारी रहेगा।

कोमल मित्तल ने कहा कि बताया कि मेले में फूड स्टालों की भी विशेष तौर पर व्यवस्था की जा रही है, जिसमें होशियारपुर के मशहूर स्वादिष्ट पकवानों के अलावा अन्य फूड स्टाल भी लगाए जाएंगे।

'भारत की शान डायमंड अवार्ड' विजेता दलेर खालसा गतका ग्रुप सम्मानित

• जालंधर ब्रीज. चंडीगढ़

पंजाब विधान सभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रोड़ी द्वारा "भारत की शान डायमंड अवार्ड" विजेता इंटरनेशनल दलेर खालसा गतका ग्रुप के सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। डिप्टी स्पीकर ने देशों-विदेशों में धाक जमाने और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने वाले गतका ग्रुप के सदस्यों की सराहना करते हुये कहा कि भारत की शान अवार्ड और डायमंड विजेता गतका ग्रुप ने पंजाब की शान बढ़ाई है जिसके लिए समूह मैंबर बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने गतका ग्रुप के सदस्यों की चढ़दीकला के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि पंजाब में हुनर की कमी नहीं है और हुनर को पहचानने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पंजाब सरकार सराहनीय काम कर रही है। सरकार द्वारा राज्य के नौजवानों को उनकी योग्यता के मुताबिक निरंतर सरकारी नौकरियाँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करेगा और देशों-विदेशों में पंजाब की पुरानी शान बहाल होगी।

इस मौके पर हलका नवां शहर के विधायक डॉ. नछत्तर पाल, डा. कश्मीर सिंह ढिल्लों, स. हरदीप सिंह कलम गहूण, स. चरनजीत सिंह चन्नी, स. बलवीर सिंह बिल्ला खड़ौदी, दलेर खालसा गतका ग्रुप के जत्थेदार नानक सिंह, स. रणवीर सिंह, स. सुखदेव सिंह सुखा बाबा, स. परमवीर सिंह लभ्भी, स. बलजोत सिंह, स. गुरसेवक सिंह और इंटरनेशनल दलेर खालसा ग्रुप के मैंबर उपस्थित थे।

रूडसैट संस्था द्वारा युवाओं को उद्यमी बनाने का अच्छा कार्य किया जा रहा है : एलडीएम

कोर्स पूरा होने पर 53 छात्रों को बांटे सर्टिफिकेट

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसैट) द्वारा संचालित एसी एवं रेफ्रीजिरेटर रिपेयर एंड मेंसज पार्लर सैलून कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 53 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह में लीड बैंक मैनेजर मोहन सिंह मोती मुख्य मेहमान के तौर और शामिल हुए।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के डायरेक्टर तरुण कुमार सेठी ने कहा कि स्वरोजगार प्रशिक्षण देकर देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए रुडसैट संस्थान की स्थापना की गई है। संस्था का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में स्वरोजगार के प्रति उत्साह और जुनून पैदा करना है। मौजूदा बैच पूरा करने वाले छात्र को एल.डी.एम मोहन सिंह मोती ने प्रमाण पत्र बाँटे । मुख्य अतिथि ने कहा कि रूडसैट इंस्टीट्यूट जालंधर में विभिन्न कोर्सों के माध्यम से संस्थान के चेयरमैन डा.डी. वीरिंदर हेगड़े और केनरा बैंक की सोच को सार्थक बना रहा है।

श्री गौर पूर्णिमा के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

• जालंधर ब्रीज. जालंधर

श्री चैतन्य महाप्रभु श्री राधा माधव मंदिर प्रताप बाग से श्री गौर पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर दूसरी प्रभात फेरी मंदिर प्रातः 6:00 बजे मंदिर से निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ मंदिर प्रांगण से केवल कृष्ण, रेवती रमन गुप्ता, राजेश शर्मा, विजय सग्गड, करतार सिंह व् सुरेश कुमार द्वारा मंगलाचरण, गुरु वंदना व वैष्णव वंदना से किया गया। प्रभात फेरी मंदिर से चल कर कृष्ण नगर, सेंट्रल टाउन, रियाजपुरा व प्रताप बाग से होती हुई मंदिर में विश्राम हुई। राकेश चोपड़ा, दीपक जुल्का, उद्धव जुल्का, प्रेम चोपड़ा, पार्थ चोपड़ा ने प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। कपिल शर्मा और सन्नी दुआ ने जय शची नंदन जय गौर हरि के नाम का भावपूर्ण संकीर्तन किया। मंदिर के महासचिव राजेश शर्मा ने बताया कि होली पूर्णिमा के दिन कलयुग पावन अवतारी भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु जी श्री नवद्वीप धाम के अन्तर्गत श्री मायापुर धाम में प्रकट हुए थे और उन्होंने पूरे विश्व को हरे कृष्ण महामंत्र प्रदान किया।

प्रभात फेरी में अजय अग्रवाल, मिंटू कश्यप, ओम भंडारी, हेमंत थापर, चेतन दास, ललित अरोड़ा, गुरविंदर, प्रेम चोपड़ा, संजीव खन्ना, सत्यव्रत गुप्ता, राजन गुप्ता, लवलीन कुमार, दिनेश शर्मा अरुण गुप्ता, प्रवेश गुप्ता, जगन्नाथ , नीरज कोहली, यकिंल कोहली, मनीष वर्मा, गोपाल अग्रवाल, संजय पाण्डेय, गौरव व अन्य शामिल हुए।

पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए 20 फोन उनके मालिकों को सौंपे

• टेक्नीकल सेल जालंधर की इंचार्ज संदीप कौर की पुलिस टीम द्वारा चोरी हुए कुल 20 फोन बरामद किए गए जो डीसीपी इन्वेस्टिगेशन जसकिरनजीत सिंह तेजा, एडीसीपी-इन्वेस्टिगेशन कंवलप्रीत सिंह व एसीपी साईबर क्राईम हरप्रीत सिंह द्वारा उनके मालिकों को सौंपे गए।

भारत 163 रन पर सिमटा, ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य

इंदौर. चेतेश्वर पुजारा के अर्धशतक के बावजूद भारत नाथन लियोन (64 रन पर आठ विकेट) की फिरकी के जादू के सामने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर हो गया जिससे मेहमान टीम को 76 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब शुक्रवार को तीसरे दिन लक्ष्य हासिल करके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के इरादे से उतरेगी। स्पिन की अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को एक बार फिर जूझना पड़ा और पुजारा (142 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया।

लियोन ने मैच में 99 रन देकर 11 विकेट चटकाए। पुजारा के अलावा सिर्फ श्रेयस अय्यर (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

अय्यर हालांकि मिशेल स्टार्क की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में हवा में खेल गए और उस्मान ख्वाजा ने बाईं ओर गोता लगाते हुए उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने 27 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 26 रन बनाए। श्रीकर भरत (03) ने एक बार फिर निराश किया और लियोन की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। इस समय टीम को 30 रन की बढ़त हासिल थी। पुजारा ने इसके बाद अश्विन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने कुहनेमैन की गेंद पर एक रन के साथ 108 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

उमेश (12 रन पर तीन विकेट) और अश्विन (44 रन पर तीन विकेट) ने सुबह के सत्र में तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि पहले दिन रविंद्र जडेजा (78 रन पर चार विकेट) ने चार विकेट हासिल किए थे। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 156 रन से की।

200 ग्राम हेरोइन व मोटरसाईकिल समेत दो नशा तस्कर काबू

• जालंधर देहाती क्राइम ब्रांच की टीम ने 200 ग्राम हेरोइन बार्डर एरिया से लाकर जालंधर में बेचने वाले 2 नशा तस्करों को मोटरसाईकिल समेत गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान रविदास सिंह व जोधा सिंह दोनों निवासी अमृतसर के रूप में हुई है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.